एक नजर में

फरार चल रहे बलात्कार के आरोपी को दबोचा

नरसिंहगढ़ 12 फरवरी, सं. थाना प्रभारी नरसिंहगढ़ निरीक्षक शिवराज सिंह चौहान ने विशेष टीम के साथ दबिश देते हुए बलात्कार के आरोपी को दबोचा है. बीते 10 जनवरी को पीड़िता द्वारा थाना नरसिंहगढ़ में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि आरोपी लखपत गुर्जर निवासी ग्राम सराना, थाना नरसिंहगढ़ द्वारा उसे डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया. थाना नरसिंहगढ़ में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई. घटना के पश्चात आरोपी फरार हो गया था. पुलिस द्वारा आरोपी की संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी गई एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर तलाश की गई. सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप 11 फरवरी को आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई. कार्रवाई में उप निरीक्षक गुंजा जमादार, ह्रदेश, गजेंद्र सिंह, धर्मेंद्र रघुवंशी, राजेश धवन, अरुण, रामकुमार यादव एवं बलराम जमरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

संकल्प से समाधान शिविर आयोजित

जीरापुर 12 फरवरी, सं. मध्य प्रदेश शासन द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लोगों को तत्काल लाभ मिले इस उद्देश्य से संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया जा रहा है, इस तारतम्य में नगर परिषद द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में लगातार शिविर आयोजित कर वंचित पात्र लोगों के आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जा रहा है. इस कड़ी में नगर परिषद जीरापुर द्वारा गुरुवार को नगर परिषद कार्यालय सभागार में वार्ड क्रमांक - 10, 11, 12 के आवेदन प्राप्ति हेतु शिविर आयोजित कर आवेदन प्राप्त किए गए. इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा, ओंकार लाल मंडलोई, रमेश मालवीय , कमल भावसार , राजेंद्र सिंह भाटी , संदीप नाथ सहित अन्य कर्मचारी और हितग्राही उपस्थित रहे.

सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन पीपीओ किए प्रदान

राजगढ़ 12 फरवरी, का. राजगढ़ जिले में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अब लंबा इंतज़ार नहीं करना पड़ रहा है. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में जिला प्रशासन ने एक प्रभावी और संवेदनशील व्यवस्था विकसित की है, जिसके तहत सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन पीपीओ उपलब्ध कराया जा रहा है. यह व्यवस्था जिले में सुशासन और मानवीय प्रशासन की एक मिसाल बनकर उभर रही है. गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित भावपूर्ण विदाई समारोह में सेवानिवृत्त बैंक मैनेंजर राधेश्याम शर्मा ने पेंशनरों को साइबर फ्रॉड से बचाव के महत्वपूर्ण उपाय बताते हुए आर्थिक नुकसान से सतर्क रहने की अपील की. उन्होंने कहा कि अब पेंशनरों को पीपीओ निर्धारित समय सीमा के भीतर आसानी से मिल जाता है, जो एक सराहनीय पहल है. पहले जहां लंबा समय लगता था, वहीं अब प्रक्रिया तेज और सरल हो गई है, जिसके लिए उन्होंने प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया.

5 गांवों के सौ लोग महामारी की चपेट में

बीमार लोगों ने टंकी से पिया था पानी, पानी-पुरी सहित अन्य सामग्री भी खाई थी

मऊ के बाद घट्टिया, मंग्याखेड़ी, कल्याणपुर, बीचपड़ी गांवों में भी बीमार पड़े ग्रामीणजन

गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तीन गांवो में लगाए कैम्प

नवभारत न्यूज

पड़ाना/ब्यावरा 12 फरवरी, सं. भैंसवाधाम मेले में ग्राम मऊ के ग्रामीणों में संक्रमण के बाद अब करीब आधा दर्जन गांवों में 100 के लगभग नागरिकों के संक्रमित होने की खबरें सामने आई है. स्वास्थ्य विभाग में इसे लेकर हड़कंप मचा हुआ है. अधिकांशतः उल्टी दस्त और घबराहट की शिकायत हुई है. गुरुवार को प्रभावित तीन गांवों में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा केम्प लगाकर उपचार किया गया.

उल्लेखनीय है कि भैंसवाधाम स्थित मेले में रविवार को ट्रेक्टर ट्रॉली से ग्रामीणजन गये हुए थे. वहां से लौटने के बाद 45 से 50 ग्रामीणों को उल्टी-दस्त, घबराहट, चक्कर आने की शिकायत होने लगी. इनमें बड़े, बच्चे सभी शामिल है. प्रथम दृष्टया बीमार लोगों में अधिकांशतः द्वारा टंकी से पानी पीया था एवं कुछ ने पानी पुरी व अन्य चीजे खाई थी. ग्रामीणों के अनुसार बच्चों ने मेले में आईस्क्रीम भी खाई थी.

21 ट्रैक्टरों से पहुंचे थे दर्जनों लोग मेले में

गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी समीप ग्राम मंगिया खेती के श्रद्धालु गण 21 ट्रैक्टर से नाशते गेट झूमते हुए माता का जय करें एवं माता रानी का ध्वज लेकर आस्था के साथ क्षेत्र के प्रसिद्ध मां वैष्णो माता रानी दरबार पहुंचे जहां श्रद्धालुओं ने माता रानी की पूजा अर्चना कर मेले में खरीदारी खरीदारी करी एवं मेले का लुफ्त उठाया इसी के साथ छोटे बच्चों को बड़ों ने आइसक्रीम खाद्य सामग्री पानी इत्यादि का भी सेवन किया वहां से सभी लोग ट्रैक्टर में सवार होकर अपने गांव पहुंचे तो ऐसे में कुछ लोगों को उल्टी दस्त पेट दुखना इत्यादि की शिकायत का दौर चालू हुआ.

आशा कार्यकर्ता की सजगता से संक्रमण उजागर हुआ

ग्राम मउ में दूषित खान-पान के कारण फैली बीमारी को स्वास्थ्य विभाग और आशा कार्यकर्ता की तत्परता ने महामारी बनने से पहले ही रोक लिया गया. ग्राम मउ में ग्रामीणों को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई, गांव की आशा कार्यकर्ता श्रीमती शीला राजपूत ने बिना समय गंवाए सिविल अस्पताल सारंगपुर के सीबीएमओ डॉ. मनीष चौहान को इसकी सूचना दी. डॉ. चौहान ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल ही स्वास्थ्य विभाग की टीम को मौके पर भेजा और लोगों का उपचार शुरू करा दिया. प्रारंभिक उपचार के बाद, गंभीर रूप से बीमार मरीजों को तुरंत सिविल अस्पताल सारंगपुर और पचोर अस्पताल रेफर किया गया, जिससे समय रहते उनकी स्थिति पर भी काबू पाया जा सका .ह्य

संक्रमितों में बच्चे, महिलाएं शामिल

कई गांवों के ग्रामीणजन हुए बीमार

ग्राम मऊ ही नहीं इसके पूर्व ग्राम घट्टिया से करीब 50 ग्रामीणजन भैंसवा धाम मेले में गये हुए थे. जब यह ग्रामीण लौटकर गांव आये तो कई लोगों को उल्टी दस्त, घबराहट की शिकायत होने लगी. ग्राम मंग्याखेड़ी, घट्टिया, बीचपड़ी, कल्याणपुर के ग्रामीणों को भी भैंसवामाता मेले से लौटकर आने पर उल्टी दस्त, घबराहट होने की शिकायत हुई. बताया जाता है कि विगत दिवस बुधवार को ग्राम घट्टिया से कुछ ग्रामीणजन भैंसावाधाम मेले में पहुंचे थे. उन्होंने पानी की टंकी से पानी पीने के साथ ही अन्य कुछ खाने की चीज खाई थी. ग्राम घट्टिया निवासी विष्णु प्रसाद नागर के अनुसार उनके परिवार के बच्चे भी मेले में गये हुए थे. खुशी उम्र 15 वर्ष, संस्कार उम्र 12 वर्ष हर्षिता उम्र 12 वर्ष गये थे. जब यह मेले से लौटकर घर आये तो उनकी तबीयत बिगड़ने लगी. इनके द्वारा बच्चों को खुजनेर ले जाकर उपचार कराया गया. अभी भी उपचार जारी है.

बीते 8 दिनों से क्षेत्र में चल रहा है संक्रमण का सिलसिला

संक्रमण का यह सिलसिला बीते 8 दिनों से चल रहा है. बीते बुधवार को मंगियाखेड़ी और घट्टिया में संक्रमण सामने आया था. इसके बाद जब बड़ी संख्या में मऊ में लोग बीमार होकर अस्पताल पहुंचे तब स्वास्थ्य विभाग की नींद उड़ी.

-गुरुवार ग्राम मऊ में कमल सिंह पिता हरि सिंह राजपूत उम्र 30 वर्ष लीलाबाई दामोदर शर्मा 50 वर्ष पूजा विष्णु शर्मा 30 वर्ष रवि भिलाला पिता राम प्रसाद भिलाला पडीमां अविका विष्णु प्रसाद शाहिद 10 लोगों को उल्टी दस्त चक्कर आना इत्यादि शिकायत को लेकर प्राइवेट वाहन से सारंगपुर अस्पताल पहुंचे.

-ग्राम बीचपड़ी कल्याणपुर से भगवान सिंह पिता रतन सिंह राजपूत उम्र 45 वर्ष दिया पिता प्रताप सिंह राजपूत उम्र 10 वर्ष रवीना पिता प्रताप सिंह उम्र 13 वर्ष रचना पिता प्रताप सिंह उम्र 20 वर्ष सरिता पति नरेंद्र 27 वर्ष पायल पति सचिन 21 वर्ष नरसिंह पिता मानसिंह 42 वर्ष शिलापति यशवंत सिंह 40 वर्ष कृष्णाबाई पति कैलाश नारायण 46 वर्ष संतोष भाई पति ओमप्रकाश लोधी 48 वर्ष गीताबाई पति कैलाश लोधी 38 वर्ष बलराम पिता कैलाश लोधी 20 वर्ष प्रीत-पिता सचिन राजपूत 7 वर्ष आयुष पिता राम लखन राजपूत 5 वर्ष कल से शाजापुर भर्ती है.

-घटिया गांव से रविवार को संक्रमण होने की जानकारी सामने आई है. रविवार को विष्णु प्रसाद नागर के परिवार के खुशी उम्र 15 वर्ष, संस्कार उम्र 12 वर्ष, हर्षिता उम्र 12 वर्ष, वैष्णो माता मंदिर पहुंचे थे. जहां इन्होंने पानी आइसक्रीम के साथ अन्य सामग्री भी खाई. जिनमें से खुशी और हर्षिता की हालत में सुधार आया. लेकिन संस्कार उल्टी दस्त बंद नहीं होने के कारण खुजनेर अस्पताल ले जाया गया.

-बुधवार को मंगिया खेड़ी गांव में में 85 लोगों ने उल्टी दस्त पेट दर्द इत्यादि की बीमारी का उपचार को लेकर पहुंचे थे गुरुवार को फिर से इसी गांव से दोपहर 1-30 तक 55 लोगों मैं छोटे बच्चों सहित बड़े बुजुर्ग इत्यादि मैं रोहित 17 वर्ष गुंजन 9वर्ष सज्जन 11 वर्ष भारत सिंह पिता राकेश सिंह उम्र 10 वर्ष दिव्यांश महादेव उम्र 3 वर्ष प्रियांशी महादेव उम्र 5 वर्ष गजेंद्र दीवान सिंह उम्र 7 वर्ष मंजू बाई 40 वर्ष गीताबाई 45 वर्ष उल्टी दस्त पेट में गड़बड़ी को लेकर ग्राम पंचायत में लगे कैंप में पहुंचे इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग से रामबाबू प्रजापति योगेंद्र राजपूत आशा कार्यकर्ता संजू बाई सेन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता माया राजपूत अनीता भिलाला उर्मिला राजपूत कमलाबाई सरपंच प्रतिनिधि मांगीलाल राजपूत सूरज सिंह राठौड़ विष्णु वाघेला इत्यादि उपस्थित रहे

जिला महामारी नियंत्रक अधिकारी डॉ. महेंद्रपाल सिंह ने बताया कि मैदानी कार्यकर्ता गांवों में सतत निगरानी रख रहे हैं. स्वास्थ्य विभाग ने आमजन के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए सलाह दी है कि मेलों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर खुले हुए खाद्य पदार्थों का सेवन न करें. पानी की शुद्धता का आंकलन कर पिएं या शुद्ध पेयजल का ही उपयोग करें. उल्टी-दस्त की शिकायत होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र को सूचित करें. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा निर्देशित किया गया कि खाद्य विभाग को मेले में बिक रही खाद्य सामग्रियों के सैंपल लेने और शुद्ध पेयजल सुनिश्चित करें.

गुलावता में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

पडाना 12 फरवरी, सं. ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला ब्यावरा द्वारा संचालित सरस्वती शिशु उच्च विद्या मंदिर गुलावता में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया. अतिथियों में मोहन नागर (जिला समिति सदस्य), नारायण पंवार (जिला समिति सचिव), जयराम देथलिया (विद्यालय समिति संरक्षक), नानूराम भैसानिया (विद्यालय समिति अध्यक्ष), डॉ श्रीराम देथलिया (विद्यालय समिति संरक्षक), लक्ष्मीनारायण नागर (प्राचार्य गुलावता), गोपाल सेवनिया (संकुल प्रमुख गुलावता), रघुनाथ चौधरी (विद्यालय समिति सदस्य) शामिल थे. प्राचार्य गिरीश बैरागी ने अतिथियों का परिचय करवाया और वरिष्ठ आचार्य अर्जुन कुम्भकार और शंकर भैसानिया ने स्वागत किया. विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहिनों को पुरस्कार प्रदान किया गया. मासिक मूल्यांकन, त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक, और विशेष जांच में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले तथा सांस्कृतिक आयोजन एवं विभिन्न गतिविधि आधारित प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किया गया. श्रेष्ठ समर्पण करने वाले आचार्य दीदी और विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ बहिन का सम्मान किया गया. रामचंद्र चौधरी, गौरीशंकर जावरिया, बाबूलाल पाल, दुर्गेश पंवार विद्यालय समिति सदस्य सहित दीनदयाल चौधरी विद्यालय समिति भैया-बहिनों को बधाई सभी आचार्य और दीदी उपस्थित रहीं.

शिकायत के बाद सूदखोर पर एफआईआर दर्ज

नवभारत न्यूज, खिलचीपुर 12 फरवरी, सं. सूदखोर से परेशान होकर एक व्यक्ति ने खिलचीपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी. थाने में कई बार चक्कर लगाने के बाद बमुश्किल शिकायत दर्ज की गई. फरियादी रघुनंदन शर्मा काफी समय से थाने के चक्कर लगा रहा था. जिसकी खबर प्राथमिकता से नवभारत ने प्रकाशित की थी. जिस पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए बीरम तंवर पिता हरिसिंह निवासी पूरा खाजला पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है. रघुनंदन शर्मा ने बताया कि उसके माता-पिता के एक्सीडेंट होने पर इलाज हेतु बीरम पिता हरिसिंह तंवर निवासी पुरा खाजला से 1 लाख रूपया लिया था. रूपया देते समय ही बीरम ने ब्याज के दस हजार रूपया काट कर 90 हजार रूपये दिये थे. जो रघुनंदन शर्मा को बारह महीने में बीरम तंवर को 10 प्रतिशत के ब्याज से 2 लाख बीस हजार रुपए देने थे. जिसमें रघुनंदन शर्मा ने 5 महीने बाद पचास हज़ार रूपया बीरम तंवर को दे दिये ओर एक लाख सत्तर हजार रूपया लगभग आधा फागन की अमावस पर 1 लाख 70 हजार रूपया बीरम तंवर के घर जाकर दे दिये. लिखा-पढ़ी का स्टाम्प जो 2 प्रति शत के ब्याज से लिखवाया था वो वापस नहीं दिया. रघुनंदन शर्मा ने बताया कि मेने बीरम तंवर को पूरा रूपया दे दिया है. मामले में फरियादी को धमकी भी दी गई.

विकास कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखें : पंवार

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 12 फरवरी, का. जनपद पंचायत ब्यावरा में आयोजित समीक्षा बैठक में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स् विकास विभाग नारायण सिंह पंवार ने क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की प्रगति तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की. बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित विकास कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए. राज्यमंत्री ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे. बैठक में आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई. गर्मी के मौसम में किसी भी नागरिक को पानी की कमी का सामना न करना पड़े. उन्होंने जल स्त्रोतों की वर्तमान स्थिति, टंकियों की साफ-सफाई, पाइपलाइन की मरम्मत, हैंडपंपों की कार्यशीलता तथा आवश्यकतानुसार टैंकर व्यवस्था की पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता में किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी. राज्यमंत्री श्री पंवार ने शिक्षा व्यवस्था की भी विस्तृत समीक्षा की. उन्होंने विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं स्वच्छ पेयजल, शौचालय, बिजली, कक्षाओं की स्थिति एवं बैठने की व्यवस्था की जानकारी ली. आगामी शैक्षणिक सत्र को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों में समयपूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए.

बाइक हादसे में हैण्डल की चोट सीने पर लगने से युवक की जान गई

नवभारत न्यूज

खिलचीपुर 12 फरवरी, सं. भोजपुर थाना क्षेत्र के पूरा बारोल जोड़ पर बुधवार देर शाम दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई. गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद मौत की असली वजह सीने में बाइक के हैंडल से लगी गहरी चोट. के रूप में सामने आई है. हादसे में युवक का एक हाथ भी टूट गया था. दूसरी बाइक का चालक मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया.

मृतक की पहचान रोशन तंवर (20) निवासी चांदपुर के रूप में हुई है. वह बुधवार शाम अपनी बाइक से पूरा बारोल से लालपुरिया की ओर जा रहा था. इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक से उसकी सीधी टक्कर हो गई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रोशन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. गुरुवार सुबह करीब 9 बजे खिलचीपुर अस्पताल में पुलिस की मौजूदगी में पोस्टमार्टम किया गया. पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर विशाल सिसोदिया ने बताया कि युवक के सीने में हैंडल की गहरी चोट आई थी, जिससे अंदरूनी क्षति हुई और उसकी मौत हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर के बाद बाइक का हैंडल भी टूट गया था. पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है.

हाइवे पर तेज रफ्तार कार खेत में गिरी, पति घायल

नवभारत न्यूज, सारंगपुर 12 फरवरी, सं. राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर अनियंत्रित होकर वाहन सड़क से करीब 20 फीट नीचे खेत में जा गिरा. घटना गुरुवार शाम लगभग 5 .30 बजे की है. कार मे सवार हो कर दंपती राजस्थान से इंदौर एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे इसी दौरान हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसकी पत्नी सुरक्षित बच गईं. छबड़ा निवासी दिनेश शर्मा (50) पुत्र प्रहलाद शर्मा अपनी पत्नी ममता शर्मा (45) के साथ अल्टो कार से इंदौर जा रहे थे. सारंगपुर के पास तेज रफ्तार के कारण चालक दिनेश शर्मा का संतुलन बिगड़ गया. कार कई बार पलटी खाते हुए सड़क से करीब 20 फीट नीचे खेत में जा गिरी. पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे दंपती को बाहर निकाला गया. हादसे में दिनेश शर्मा को गंभीर चोटें आई. उन्हें जिला अस्पताल शाजापुर रेफर कर दिया गया. ममता शर्मा को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया. उन्हें मामूली चोटें आईं. थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने बताया कि प्रथम दृष्टया हादसे का कारण तेज रफ्तार और वाहन पर नियंत्रण खोना प्रतीत होता है.

समस्या मात्र 45 यूनिट ही ब्लड बैंक में, ए एवं बी-पॉजीटिव ब्लड का स्टॉक तो न के बराबर

ब्लड की कमी से जूझ रहा जिला अस्पताल का ब्लड बैंक

नवभारत न्यूज

राजगढ़/ब्यावरा 12 फरवरी, का. जिला चिकित्सालय में इन दिनों ब्लड की कमी बनी हुई है, लगभग 45 यूनिट ही ब्लड बैंक में रहा है, उसमें भी ए एवं बी पॉजिटिव ब्लड नाममात्र ही बचा है जो कि ब्लड की जरुरत वाले मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है.

गौरतलब है कि जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में वर्तमान समय में लगभग 45 यूनिट ही ब्लड होना बताया जा रहा है, इसमें ओ पॉजिटिव करीब 40 यूनिट शामिल है, जबकि कॉमन ग्रुप ए पॉजिटिव एवं बी पॉजिटिव की संख्या दो या एक यूनिट होने की जानकारी है. इसी प्रकार ए बी पॉजिटिव ब्लड 2 यूनिट होना बताया जाता है. ब्लड बैंक की क्षमता 600 यूनिट की है, वहीं ब्यावरा, नरसिंहगढ़ एवं पचोर सिविल अस्पताल में मौजूद ब्लड स्टोरेज में 300-300 यूनिट ब्लड की क्षमता है, इन जगहों पर भी ब्लड की कमी की जानकारी है.

सोशल मीडिया पर डोनर ढूंढने पड़ रहे

आलम यह है कि आपात स्थिति में सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर रक्तदाताओं की खोज करनी पड़ रही है. तब जाकर मरीजों को रक्त चढ़ाया जाता है.

आज तीन स्थानों पर रक्तदान शिविर

आज 13 फरवरी को ब्यावरा, नरसिंहगढ़ एवं सारंगपुर सिविल अस्पाताल में रक्तदान शिविर का आयोजन वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान में रखा गया है. वैश्य महासम्मेलन के अनुसार आज प्रातः 11 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक सिविल अस्पताल ब्यावरा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर रखा गया है. वैश्य महासम्मेलन के अनुसार जिला अस्पताल में रक्त की कमी को देखते हुए वैश्य महासम्मेलन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है.

रक्त की कमी को पूरा करने रक्तदान शिविर अहम

जिस तरह से ब्लड की कमी के हालात निर्मित हो जाते है जिसके कारण ब्लड की जरुरत वाले मरीजों एवं परिजनों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, रक्त की कमी को देखते हुए रक्तदान के प्रति जागरुकता बहुत जरुरी है, हालांकि नगर सहित जिले में विभिन्न अवसरों पर लगने वाले रक्तदान शिविर काफी कुछ रक्त की कमी हो पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है.